Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to revive Japla Cement Factory in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand -laid.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो जिलें आते हैं-पलामू एवं गढ़वा । दोनों जिलें देश के 112 आकांक्षी जिलों में आते हैं । यहां किसी प्रकार का उद्योग धंधा स्थापित नहीं हैं । मैं इस विषय की ओर सदन का ध्यान वर्ष 2014 से उठाता आ रहा हूं परंतु अभी तक कोई भी उद्योग-धंधा स्थापित नहीं हो सका है । बेरोजगारी की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुयी है और अब तक उग्रवाद की समस्या भी गंभीर होती जा रही है । पूर्व में जपला सीमेंट फैक्ट्री जिसमें हजारों मजदूर कार्य करते थे उस सीमेंट फैक्ट्री के बंद हो जाने से सभी बेरोजगार हो गए हैं । लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं । अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जपला सीमेंट फैक्ट्री को पुनर्जीवित किया जाय अथवा उक्त जमीन पर रेलवे विभाग Axel प्लांट बैठाये या अन्य प्रकार का उद्योग धंधा स्थापित किया जाय ।